शहर सहित अंचल में धूमधाम से मनी तेजा दशमी

जगह-जगह लगे मेले, सर्पदंश से काटे बंधन, बडी संख्या में उमड़ी भीड

नवभारत न्यूज

श्योपुर,02 सितम्बर। मंगलवार को तेजा दशमीं पर जिला मुख्यालय सहित अंचल भर में जगह-जगह लोक धार्मिक मेलों का आयोजन किया गया। भादौ शुक्ल दशमीं को तेजाजी की स्तुति में शहर के गिर्राज घाट एवं हजारेश्वर बाग में एक दिवसीय मेले का आयोजन किया गया। मेले में लोगों ने विशेषकर आदिवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सामरसा स्थित पाली घाट पर तेजाजी मेले का आयोजन किया गया। जिसमें इस बार चंबल नदी पर लगने वाले मेले में भोपा को भाव आया। अपरान्ह तेजाजी की सवारी शहर में निकाली गई। इस अवसर पर सर्पदंश के बंध भी काटे गए। इससे पूर्व नगर के नयाबांस मोहल्ला स्थित तेजाजी के स्थान से तथा डांडे के सहराने से तेजाजी की बिनौरी निकाली गई, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। बिनौरी में सबसे आगे एक नौजवान सतरंगी झंडा लिए और साथ में सैकड़ों लोग ढोल मंजीरे तथा अलगोजों की तान के साथ पारंपरिक लोकगीतों के माध्यम से तेजाजी महाराज की जीवनगाथा गाते हुए चल रहे थे। बिनौरी में नृत्य करते हुए चल रहा तेजाजी का भोपा जनश्रद्धा का केंद्र रहा। कुल मिलाकर मंगलवार को तेजाजी दशमीं धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जगह-जगह भंडारे भी आयोजित किए गए। **सामरसा में चम्बल से निकाला सांप:** चंबल किनारे बसे ग्राम सामरसा में तेजाजी के मेले का अलग ही नजारा देखने को मिला। यहां पर तेजा दशमी पर प्रतिवर्ष की भांति परम्परागत आयोजन किया गया, इस दौरान एक भोपा के सिर पर माताजी का भाव आया, जिसने चम्बल नदी में छलांग लगाकर सांप निकालकर तेजाजी के थानक पर आस्था प्रकट की, इस दौरान ग्रामीणो ने इसे ईश्वर का चमत्कार मानकर भोपा की पूजा अर्चना की।

हजारेश्वर उद्यान मे बंटा भंडारा

तेजादशमी पर शहर सहित अंचलभर के हजारों लोग जिला मुख्यालय स्थित गिर्राज घाट तेजाजी के थानक एवं हजारेश्वर पार्क में ताकाजी के थानकों पर जमा हुए और तेजाजी महाराज के थानकों पर पूजा अर्चना करते हुए अपनी आस्था प्रकट की। इस मौके पर हजारेश्वर उद्यान में स्वागत सेवा समिति द्वारा विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें पूडी, सब्जी एवं मिठाई के पैकेट का वितरण नि:शुल्क किया गया वहीं पानी के भी स्टॉल लगाये गये। इस दोरान विभिन्न खिलौने एवं बच्चो के झूले भी मेलो में दिखाई दिये।

हजारेश्वर पार्क में कीचड़ से परेशान हुए लोग

बीते तीन दिनो से बारिश के बाद शहर के हजारेश्वर मैदान में पानी भर गया जिसके कारण आज तेजाजी और ताकाजी के थानको पर हुए मेले में पहुंचे लोगो को भारी परेशानियों का सामना करना पडा। इस दौरान लोग कई बार इस कीचड में गिर गये तो वहीं महिलाओं को भी तेजाजी महाराज को प्रसाद चढ़ाने एवं बंध कटवाने को लेकर परेशानियों का सामाना करना पड़ा।

पंचायत इकलौद में भी लगा मेला

नवभारत न्यूज

विजयपुर,02सितम्बर। जनपद की ग्राम पंचायत इकलौद में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री तेजा बाबा का भव्य मेला लगा इस वर्ष मेले में श्रद्धालु भक्तों ने मेले मैं आने बाले श्रद्धालूओ को लंगर लगा कर प्रशादी बितरण की गई इस मेले मैं मल्ल परिबार धोडी पर सबार होकर आते हैं तभी धोडी मन्दिर पर आकर सर्फ व पागल कुत्ते व विशैले कीड़ों के तेजा महाराज के बंध लगाते हैं उन लोगों के इस मेले में धोडी बंध काटती है यह प्रथा इस स्थान पर आदि काल से चली आ रही है इस वर्ष मेले में बहुत संख्या मैं श्रद्धालुओं का सैलाब देखने को मिला इस वर्ष प्रशासन की सराहनीय व्यवस्था रही साथ ही पुलिस व्यवस्था भी सराहनीय रही, तथा तेजा बाबा समिती ने उत्क्रष्ट नम्बरों से पास होंने वालें कक्षा दसवीं पास व इन्टर क्लास मैं अच्छे नंम्बरौ से उत्तीर्ण बालक बालिकाओं का सम्मान करते हुए इनाम भी वितरण किया गया है।

विमान एकादशी आज, डोल में बैठकर जलविहार को निकलेंगे ठाकुर

पुलिस प्रशासन की रहेगी पुख्ता व्यवस्था

नवभारत न्यूज

श्योपुर,02 सितम्बर। ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को सहेजे हुए शहर में मंगलवार को डोल ग्यारस का पर्व बडे ही धूमधाम के साथ मनाया जायेगा, इस आयोजन के लिए पुलिस और प्रशासन ने बेहतरीन रणनीति तैयार कर सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंध कर दिया है। दोपहर बाद भगवान अपने मंदिरों से डोलों में बैठकर जलविहार को निकलेंगे।

जलझूलनी एकादशी डोल ग्यारस के रुप में मनाई जाती है। श्योपुर जिले में यह उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। इस त्यौहार पर जितनी भीड़ उमड़ती है उतनी किसी भी आयोजन में नहीं होती। श्योपुर शहर के अलावा आसपास के गांवों से भी लोग इस पर्व को देखने के लिए आते हैं। जिला पुजारियान कल्याण समिति द्वारा बताया कि शहर के 49 मंदिरों से डोलो में बैठाकर भगवान को जलविहार के लिए बंजारा डैम ले जाया जायेगा। दोपहर 3 बजे तक सभी विमान टोड़ी गणेश मंदिर तक पहुंच जाते हैं। यहां से सामूहिक रुप से डोलो को बंजारा डैम पर जलविहार के लिए ले जाया जाता है। सूर्यास्त तक भगवानों को जलविहार कराने के बाद नगर पालिका द्वारा बनाए गए चबूतरों पर विराजित किया जाता है। यहां सामूहिक आरती के बाद भगवानों को वापस मंदिर ले जाने का क्रम शुरू होता है। इस क्रम में भगवानों को लोगों के दर्शनों के लिए टोड़ी गणेश मंदिर पर कतारबद्ध रखा जाता है। रात 12 बजे आरती के बाद भगवानों को अपने मंदिर वापस ले जाया जाता है।

जिला प्रशासन ने भी किया निरीक्षण

डोल ग्यारस को लेकर बंजारा डेम पर जल विहार को आने वाले डोल की व्यवस्थाओं को लेकर जिला प्रशासन द्वारा व्यवस्थाओं का अवलोकन कियसा गयसा, इस मौके पर बंजारा डेम पर साफ सफाई के साथ चबूतरो की साफ सफाई कराने के निर्देश दिये, इस दौरान उन्होंने कहा कि नगर पालिका द्वारा यहां कर्मचारियों को तैनात किया जाये साथ ही पुलिस व्यवस्था का चुस्त दुरूस्थ रखा जाये।

नेत्रहीन को दिया आवास का लाभ, 6 हजार की राशि भी दी

विधवा महिला को दी 5 हजार की आर्थिक सहायता

जनसुनवाई में आए 97 आवेदन

नवभारत न्यूज

श्योपुर,02 सितम्बर। कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा जनसुनवाई के दौरान प्राप्त आवेदनों का निराकरण करते हुए जनसुनवाई में आए नेत्रहीन दिव्यांग पप्पू प्रजापति पुत्र लड्डू लाल प्रजापति एवं उसके नेत्रहीन दिव्यांग भतीजे को रेडक्रॉस के माध्यम से तात्कालीक रूप से न केवल 6 हजार रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई, बल्कि दिव्यांग पप्पू प्रजापति के नाम आवास स्वीकृत किए जाने की कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए, इसके अलावा नेत्रहीन भतीजे की दिव्यांग पेंशन प्रदाय किये जाने हेतु सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 96 आवेदन प्राप्त हुए।

कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा जनसुनवाई के दौरान विधवा महिला शमीम निवासी बगवाज को 5 हजार रूपये आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई, साथ ही उसके 4 बच्चों को स्पोन्सरशिप योजना में लाभ दिये जाने के निर्देश महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों को दिए गए। इसके साथ ही विधवा महिला को अवगत कराया गया कि आवास योजना के तहत 2.0 की सर्वे सूची में नाम जोड दिया गया है। महिला ने बताया कि उसके पति स्व. दिलावर की मृत्यु बीमारी के चलते हो गई थी। विधवा पेंशन का लाभ मिल रहा है, लेकिन 4 बच्चों की जिम्मेदारी होने से आर्थिक परेशानी उत्पन्न हो रही है। इस पर बच्चों के नाम उक्त योजना में जोडने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में 7 वर्षीय बालक नोमान आलम के उपचार की व्यवस्था कराए जाने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग एवं परिवार संस्था के प्रतिनिधियों को दिए गए। बालक की मॉ गुलनाज अंसारी निवासी मंडी के पीछे श्योपुर ने बताया कि बच्चें का उपचार चल रहा है तथा डॉक्टरों द्वारा एमआरई कराने का परामर्श दिया गया है, इस पर परिवार संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि निशुल्क एमआरई के साथ ही स्वास्थ्य उपचार की व्यवस्था की जाए।

छटवें दिवस हुआ उत्तम संयम धर्म विधान

जैन समाज का पयूर्षण पर्व जारी

नवभारत न्यूज

श्योपुर,02सितम्बर। दिगंबर जैन समाज पयुर्षण पर्व के छठवें दिवस संयम धर्म के अवसर का व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रात: शांति धारा अभिषेक संजय कुमार, शैलेंद्र कुमार जैन, राजेन्द्र कुमार, नितिन बड़जात्या, सुलभ कुमार, सौरभ कुमार गोधा परिवार के द्वारा की गयी। शाम को सभी मंदिरों में सामूहिक रूप से एकत्रित हो सुंगन्ध दशमी पर धूपखेई गई। अपने प्रवचन में पंडित जी अरिहंत जी जयपुर के द्वारा उत्तम संयमधर्म के बारे में जानकारी दी पंडित अरिहंत जैन शास्त्री ने अपने प्रवचन में संयम धर्म के बारे में बताया है की अपने मन तथा पांच इन्द्रियों पर नियंत्रण रखना संयम कहलाता है हम संयम को प्राप्त कर उन्नति के शिखर पर चढ़ सकते हैं और संयम को भूलकर अधोगति को प्राप्त हो जाते हैं जिस प्रकार गाड़ी में अगर ब्रेक नहीं है तो गाड़ी कहीं पर भी जाकर टकरा सकती है उसी प्रकार अगर हमारे जीवन में संयम नहीं है तो हमारा जीवन भी कहीं पर भी किसी भी समय समाप्त हो सकता है हमको अपने मन पर कंट्रोल करना है अपनी इच्छाओं पर कंट्रोल करने का नाम संयम है।

फूड सेफ्टी टीम ने लिये पनीर एवं घी के सैंपल

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 02 सितम्बर। कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में सीएमएचओ डॉ दिलीप सिरकवार के निर्देशन में फूड सेफ्टी की टीम द्वारा पाली रोड श्योपुर स्थित मनीष दूध डेयरी से पनीर एवं देशी घी के सैम्पल लिये गये है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र जैन ने बताया कि आज मंगलवार को मनीष दूध डेयरी का निरीक्षण किया गया तथा विक्रय के लिए रखे गये पनीर एवं देशी घी के नमूने मानक स्तर की जांच हेतु लिये गये, नमूनों को राज्य स्तरीय खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा जायेगा तथा जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने पर विधिवत कार्यवाही की जायेगी।

शिविर में 52 रक्तदानियों ने किया रक्तदान

स्व .मनोज कुमार गर्ग कि स्मृति मे सम्पन्न हुआ रक्तदान शिविर

नवभारत न्यूज

श्योपुर,02सितम्बर। रक्तदान जागरूकता अभियान के क्रम में स्व.मनोज कुमार गर्ग (आवदा) वालों की पुण्य स्मृति में गर्ग परिवार द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन मानसिंह पैलेस में आयोजित किया गया जिसमें 52 रक्तदाताओ ने स्वैच्छिक रूप से रक्तदान किया जिन्हें अतिथियों एवं परिजनों रक्तदाताओं को भेंट स्वरूप स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया इस रक्तदान का शुभारंभ स्व.मनोज कुमार गर्ग कि पुत्री अवनी अपने पिता के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित करके रक्तदान शिविर कि शुरुआत कि सभी ने बारी-2 से श्रद्धासुमन अर्पित किए रक्तदान शिविर के इस कार्यक्रम में रोशन मित्तल और श्रीमति नीतू रोशन मित्तल ने जोड़े से स्वैच्छिक रूप से रक्तदान किया इस रक्तदान शिविर में नारी शक्ति कि भागीदारी रही जिन्होंने स्वैच्छिक रूप रक्तदान किया भावना गर्ग, नीतू मित्तल, विदी मित्तल, आरती मित्तल, मिनी गर्ग, सोनिया मंगल आदि नारी शक्ति ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में नगरपालिका अध्यक्ष रेणु सुजीत गर्ग, स्व. मुकेश गुप्ता स्मृति सेवा न्यास अध्यक्ष महावीर गुप्ता, अरूण ओसवाल, अग्रवाल समाज अध्यक्ष मनोज गुप्ता, गिर्राज प्रसाद, दीपक मोदी, संजय मंगल, मुकेश हिरनीखेड़ा, राजबहादुर मारू, प्रकाश सर्राफ, आनंद गर्ग, मनीष गर्ग, रिंकू मित्तल, डॉ.योगेंद्र भदोरिया, रामू आदि मौजूद थे। कार्यक्रम में परिवार जन आनंद गर्ग, राजेन्द्र प्रसाद गर्ग, डॉ.सत्यनायण गर्ग, सुरेश गर्ग, आनंद गर्ग, अवनी गर्ग, दिया गर्ग सहित परिवार जन मौजूद थे।

डोल ग्यारस पर्व को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

नवभारत न्यूज

श्योपुर,02सितम्बर। डोलग्यारस पर्व को लेकर मंगलवार को पुलिस ने शहर में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च कोतवाली से शुरू हुआ जो विभिन्न मार्गों से होते हुए निकला। इस दौरान एडीशनल एसपी प्रवीण भूरिया, एसडीएम गगन मीणा, एसडीओपी राजीव कुमार गुप्ता, तहसीलदार मनीषा मिश्रा, आरआई अखिलेश शर्मा, ट्रैफिक टीआई संजय सिंह राजपूत उपस्थित रहे।

एसपी वीरेंद्र जैन के डोल ग्यारस पर्व पर सुरक्षा के इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। जिसके पुलिस बल द्वारा शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया। नागरिकों से अपील की गई है कि वे त्योहारों को शांति और भाईचारे के साथ मनाएं। किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। आवश्यकता पड़ने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कोतवाली से शुरू हुआ फ्लैग मार्च शहर के मैन बाजार, सुबात चौहारा, गणेश बाजार, पुल दरवाजा होते हुए बंजारा डैम पर पहुंचकर संपन्न हुआ। फ्लैग मार्च में बड़ी संख्या में पुलिस बल शामिल था।

रहेगा स्थानीय अवकाश

श्योपुर। डोल ग्यारस के अवसर पर आज बुधवार 03 सितंबर को श्योपुर, बडौदा एवं कराहल तहसील क्षेत्र में अवकाश रहेगा। कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा पूर्व में जिले के लिए घोषित स्थानीय अवकाश संबंधी आदेश के अनुसार श्योपुर, बडौदा एवं कराहल तहसील के लिए डोल ग्यारस के अवसर पर 03 सितंबर का स्थानीय अवकाश रहेगा।

वार्डन चयन प्रक्रिया के संबंध में बैठक आयोजित

6 छात्रावासों में चयनित वार्डनों के आदेश जारी

नवभारत न्यूज

श्योपुर,02 सितम्बर। कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा सर्व शिक्षा अभियान अंतर्गत संचालित छात्रावासों में वार्डन चयन प्रक्रिया के उपरांत आदेश जारी किये गये है, इसके पूर्व कलेक्टर अर्पित वर्मा की अध्यक्षता में गत दिवस सर्व शिक्षा अभियान अंतर्गत संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावासों एवं नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय बालिका छात्रावासों में वार्डन के पद पर चयन प्रक्रिया हेतु बैठक आयोजित की गई। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई आदिवासी, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट, सहायक आयुक्त राकेश गुप्ता, डीपीसी डॉ पीएस गोयल उपस्थित थे। कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा चयन प्रक्रिया उपरांत जारी आदेश के अनुसार कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय टाईप-03 कराहल में वार्डन का अतिरिक्त प्रभार प्राथमिक शिक्षक शास बालक आश्रम मकडावदा बृजेश पोरवाल को, नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय बालिका छात्रावास कराहल में पूजा कुमारी माध्यमिक शिक्षक शासकीय माध्यमिक विद्यालय सिलपुरी, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय टाइप-01 विजयपुर में प्राथमिक शिक्षक शासकीय प्राथमिक विद्यालय मोहनपुरा सृष्टि सराहिया को, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय टाईप-03 श्योपुर में प्राथमिक शिक्षक शासकीय प्राथमिक विद्यालय छोटा बडाखेडा ज्योति कुशवाह, नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय बालिका छात्रावास बडौदा में प्राथमिक शिक्षक शासकीय प्राथमिक विद्यालय कन्या शाला बडौदा कृष्णा सांखला को तथा नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय बालिका छात्रावास श्योपुर में प्राथमिक शिक्षक शासकीय प्राथमिक विद्यालय मुदाला पाडा माला श्रीवास्तव को वार्डन का अतिरिक्त प्रभार सांपा गया है।

किसान की मौत पर परिवार को मिला मुआवजा

श्योपुर। कृषि कार्य के दौरान खेत में करंट लगने से हुई मृत्यु के मामले में पीडित परिवार को मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना तहत 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। जारी स्वीकृति आदेश के अनुसार विजयपुर तहसील के ग्राम बेनीपुरा निवासी स्व. रामचरण धाकड पुत्र शंकर धाकड की गत 13 अप्रैल को खेत में कार्य करने के दौरान करंट लग जाने से मृत्यु हो गई थी। इस मामले में मृतक स्व. रामचरण धाकड की वैद्य वारिस उसकी पत्नि श्रीमती बैजंती धाकड निवासी बैनीपुरा के नाम मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना के तहत 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

आम सूचना

श्री विकास जट पुत्र श्री मंगल सिंह जट के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पति भूखण्ड, स्थित ग्राम इंदरगढ़, प.ह.नं.24, रा.नि.मं.इंदरगढ़, तहसील इंदरगढ़ व जिला दतिया (म.प्र.) है जो नगर पालिका इंदरगढ़ वार्ड क्र.06 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.249/1/1 ग्राम इंदरगढ़ का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 270 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:- पूर्व में रास्ता 18 फुट चौड़ा, पश्चिम में-भूखण्ड धनसिंह केवट, उत्तर में भवन क्रेता एवं दक्षिण में भूखण्ड श्री बलदेव शर्मा है। उक्त सम्पति एवं संलग्न अन्य सम्पति पूर्व में श्री सुरजीत सिंह पुत्र श्री गिरवर सिंह, श्री राजेश पुत्र श्री कामता, श्री नेपाल सिंह पुत्र श्री कल्याण सिंह, श्री नरेन्द्र सिंह, श्री देवेन्द्र सिंह पुत्रगण श्री टीकम सिंह, श्री लोकेन्द्र, श्री प्रदीप पुत्रगण श्री कन्हैयालाल, श्रीमती सोनिया पत्नी श्री श्यामसुंदर के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री राजेश साहू द्वारा सम्पति 810 वर्गफुट एरिया श्री मंगल सिंह पुत्र श्री सुंदर सिंह को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.1884 दिनांक 23.12.2013 से विक्रय की गई। श्री मंगल सिंह का स्वर्गवास दिनांक 15.06.2014 को हो जाने के उपरांत, उनके उत्तराधिकारी श्रीमती कल्पना पत्नी स्व. श्री मंगल सिंह, विशाल (नाबालिग), विकास (नाबालिग पुत्रगण स्व. श्री मंगल सिंह उनकी सम्पत्ति के मालिक हुये एवं भू-राजस्व रिकॉर्ड में अपना नाम इंद्राज कराया गया। श्री विशाल जट द्वारा उक्त सम्पति के संबंध में श्री विकास जट के हित में ई-रजिस्टर्ड दानपत्र विलेख क्र. एमपी09592022ए1277068 दिनांक 16.03.2022 को सम्पादित किया गया। श्री विकास जट द्वारा उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार आवास फायनेंसियर्स लिमिटेड वित्तीय संस्थान ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को एवं श्री मंगल सिंह के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या-भवन क्र.52, कैलाश विहार,
फैडरल बैंक के पास,सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)
मो.नं. 98276-72710

विधायक ने शोक संवेदनाएँ व्यक्त की

नवभारत न्यूज

इंदरगढ़। भाजपा नेता राकेश मुद्गल के अनुज की पत्नी के निधन पर सेंवढा विधायक प्रदीप अग्रवाल उनके ग्राम भडौल स्थित निवास पहुंचे। उन्होंने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार को दुख सहन करने की शक्ति देने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर उनके साथ लोकेंद्र यादव, राकेश मुद्गल, प्रभात श्रीवास्तव एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।राजीव कंचन एवं संजीव कंचन के पिता जी के निधन पर विधायक प्रदीप अग्रवाल सिविल लाइन दतिया, संगीता लॉज के पीछे उनके निवास पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर राजीव नागार्च एवं प्रभात श्रीवास्तव साथ रहे।रामनारायण शुक्ला की धर्मपत्नी एवं अजय शुक्ला की माताजी श्रीमती कुसुम शुक्ला के निधन पर विधायक प्रदीप अग्रवाल माई वाली गली दतिया स्थित निवास पहुंचे और परिवार को ढांढस बंधाया। यहाँ भी राजीव नागार्च एवं प्रभात श्रीवास्तव साथ रहे। रामनारायण अग्रवाल (कोंच वाले) के निधन पर विधायक प्रदीप अग्रवाल, राजीव नागार्च एवं प्रभात श्रीवास्तव शेखों का मोहल्ला दतिया पहुंचे और परिवार के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की।

विकास कार्यों को लेकर विधायक एवं एसडीएम ने किया निरीक्षण

इंदरगढ़ । सेंवढ़ा विधायक प्रदीप अग्रवाल एवं एसडीएम सेवढ़ा अशोक अवस्थी ने सोमवार को इंदरगढ़ नगर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बस स्टैंड निर्माण स्थल, हॉकर जोन, सब्जी मंडी एवं नगर में पानी निकासी हेतु नाला निर्माण की संभावनाओं का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ मिलकर विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई तथा योजनाओं को जल्द ही धरातल पर उतारने का आश्वासन दिया गया। इस मौके तहसीलदार दीपक यादव , पार्षद चप्पू पठान, लोकेंद्र यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे।

दो आरोपितों पर 5-5 हजार का ईनाम घोषित

श्योपुर। एसपी वीरेंद्र जैन दो फरार आरोपी की गिरफ्तारी पर 5-5 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी आदेश के अनुसार फरार आरोपी राहुल पुत्र हुकुम उर्फ गुट्टी बंजारा एवं आरोपी बबलू पुत्र जुहार सिंह बंजारा निवासी ग्राम बलावनी थाना ढोढर पर 5 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया गया है, उक्त आरोपी पर थाना ढोढर में धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज है।

16.60 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

श्योपुर। जिले में 02 सितंबर को 16.60 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 02 सितंबर को विजयपुर में शून्य, जबकि श्योपुर में 33, बडौदा में 20, कराहल में 27 एवं वीरपुर में 3 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है। इस वर्ष दिनांक 01 जून 2025 से अभी तक जिले में कुल 1380.26 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इस अवधि तक 1065.80 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत की वर्षा 822 मिली मीटर है।

पंचायत भवन के लिए भूमि आवंटित

श्योपुर। कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा ग्राम पंचायत रायपुरा में पंचायत भवन निर्माण हेतु 0.0420 हेक्टयर भूमि स्थाई पट्टे पर आवंटित की गई है। न्यायालय कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार ग्राम रायपुरा में पंचायत भवन निर्माण के लिए भूमि सर्वे क्रमांक 244/2 रकबा 0.0420 हेक्टयर भूमि पंचायत को स्थाई पट्टे पर आवंटित की गई है।

विधायक ने किये 40 लाख के निर्माण कार्यों का लोकार्पण

विकास कार्य कराना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता : विधायक

नवभारत न्यूज

-इंदरगढ़,02सितम्बर। ग्राम दिगुवां में सेंवढ़ा विधायक प्रदीप अग्रवाल की अनुशंसा से स्वीकृत हरिशंकर मंदिर के पास सामुदायिक भवन लागत 20 लाख एवं मलियापुरा से इंटर कॉलेज की ओर सीसी रोड निर्माण कार्य लागत 20 लाख रुपए के निर्माण कार्यों का हुआ लोकार्पण। कार्यक्रम की अध्यक्षता थरेट मंडल अध्यक्ष देवेश चौधरी द्वारा की गई कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राममिलन चौधरी, संतोष महते, धर्मेंद्र खडडर, जितेंद्र शर्मा, राजू कुशवाहा, उत्तम सिंह राजपूत, दीपक यादव, सत्येंद्र सिंह राजपूत, रुस्तम कौरव आदि उपस्थित रहे। ग्राम के सरपंच राम प्रताप राजपूत एवं ग्राम पंचायत के सचिव अरविंद बघेल द्वारा समस्त अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। बतौर मुख्य अतिथि विधायक अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि विकास कार्य कराना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है पिछले कार्यकाल में भी मेरे द्वारा अनेकों मुख्यमंत्री सड़के ,प्रधानमंत्री सड़कें, एवं लोक निर्माण विभाग से सड़कें स्वीकृत करवाई गई थी आप लोगों ने मुझे दोबारा जिताकर मुझे सेवा करने का जो अवसर दिया है उसके लिए मैं सदैव आपका आभारी रहूंगा आपके द्वारा बताए गए विकास कार्य को मैं स्वीकृत कराने हेतु पूरा प्रयास करूंगा अभी मेरे द्वारा चीना बंबा से दिगुवां रोड , रुरुवाराय से ऊंचिया रोड , आलमपुर रोड से रठावली गांव की रोड, परसोंदा गुर्जर से नयागांव तक की रोड, नीमडांढा से किटाना गांव तक की रोड स्वीकृत करा दी गई है वर्षा काल के खत्म होने पर इन पर कार्य प्रारंभ होगा जो शीघ्र बन कर तैयार होगे , इसके अलावा मेरे द्वारा स्वीकृत कराई गई सड़कें इंदरगढ़ से ग्वालियर डिवाइडर सहित डबल सीसी रोड, इंदरगढ़ से कामद रोड तथा इंदरगढ़ से पंडोखर डबल रोड डिवाइड सहित स्वीकृत कराई गई जिनके निर्माण कार्य निरंतर चल रहे हैं जो शीघ्र पूर्ण होकर आपके समक्ष होंगे, समय समय पर आपके द्वारा बताये गई सभी छोटी-बड़े विकास कार्यों को मैं अंजाम तक पहुंचाने के लिए सदैव तैयार रहूंगा । इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे । कार्यक्रम के अंत में ग्राम के सरपंच द्वारा यहां सहभोज का आयोजन किया गया जिसमें विधायक अग्रवाल ने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं एवं ग्राम वासियों के साथ भोजन ग्रहण किया ।